an>

Title: Regarding renovation of the closed bridge over river Ganga at Garg Ganga of Amroha Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : अध्यक्ष महोदया, मैं इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 हापुड़-मुरादाबाद के बीच में पड़ने वाले बंद पड़े पुराने गंगा पुल की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

एन.एच. 24 के ब्रजघाट पर गंगा नदी के ऊपर बने पुराने पुल की हालत अत्यंत खराब हो जाने के कारण यहाँ नए पुल का निर्माण कराया गया था तथा इस फोर लेन हाईवे का पूरा ट्रैफिक नए पुल पर डाइवर्ट करके पुराने पुल को बंद कर दिया गया है। यह एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है जो कि दिल्ली से लखनऊ और ननीताल को जोड़ता है। इस रास्ते से विदेशी पर्यटकों का भी भारी संख्या में आवागमन होता है। हर महीने यहां पर नहान होता है तो उसमें बहुत भीड़ होती है। एन.एच.24 पर आने जाने वाला दोनों तरफ का ट्रैफिक नए पुल से गुज़रने के कारण इस पुल पर लोड बढ़ जाता है तथा दोनों तरफ से वाहन एक ही पुल से गुज़रने के कारण अक्सर यहां दुर्घटनाएँ होती रहती हैं तथा स्थानीय पर्यटकों को अक्सर लंबे जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

अतः आपके माध्यम से मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि ब्रजघाट पर गंगा के ऊपर बंद पड़े पुराने पुल का नवनिर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ताकि दोनों पुलों पर आवागमन हो सके तथा दुर्घटनाओं एवं जाम की स्थिति से लोगों को राहत मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं श्री केशव प्रसाद मौर्य को श्री कँवर सिंह तँवर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।